कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ -226002

Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

सं.प्रशा./1025/हि.क /रा.भा.का.स./03/2016 दिनांक : 30/03/2016

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी

1. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग
2. सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय : राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन ।

कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 10 मार्च 2016 को आयोजित बैठक में अध्यक्ष महोदय ने निम्नलिखित निर्णय लिया है :-

1. आवेदन पत्र/अवकाश, रिपोर्ट-रिटर्न संबंधी प्रपत्र अथवा उनके अग्रेषण पत्र, दावों के अग्रेषण पत्र हिंदी में जारी किए जाएं । अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उनके हस्ताक्षर भी हिंदी में किए जाएं ।
2. संगठन में आयोजित होने वाली बैठकों में हिंदी के प्रचार-प्रसार संबंधी उपायों पर चर्चा की जाए तथा उन पर अमल भी किया जाए । मुख्य कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले मंगलवार की बैठकों में से किसी एक बैठक को चयनित कर उसकी पूरी कार्रवाई यथा विभिन्न मदों के प्रश्नोत्तर, विचार विमर्श, कार्यवृत्त आदि पूर्णतया राजभाषा हिंदी में संपन्न किया जाए ।

अत: अनुरोध है कि उपर्युक्त मदों पर कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए की गई कार्रवाई से दिनांक 27/04/2016 तक हिन्दी कक्ष (स्थानीय) को सूचित करने का कष्ट करें ताकि वस्तुस्थिति से प्रधान नियंत्रक महोदय को अवगत कराया जा सके । उक्त सूचना कृपया हिंदी कक्ष के ई-मेल पते pcdacclkohindicell@gmail.com पर भी प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

- ह० -

व.लेखाधिकारी (हिंदी)

प्रतिलिपि :

स्वचलन कक्ष ... कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु ।

व.लेखाधिकारी (हिंदी)

31/3/16